भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1070

जिसका उत्तर 08.02.2024 को दिया जाना है

भारत-श्रीलंका को जोड़ने वाली सेतु परियोजना

1070. डॉ. संजय जायसवाल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या एशियाई विकास बैंक ने भारत और श्रीलंका के बीच भूमि संपर्क स्थापित करने के लिए एक सेतु परियोजना के निर्माण हेतु धनराशि जारी की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ख) क्या उक्त परियोजना के लिए कोई व्यवहार्यता अध्ययन कराया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ख) जी नहीं, एशियाई विकास बैंक से श्रीलंका और भारत के बीच अंतर्राष्ट्रीय संर्पकता वाले सड़क सह रेल पुल/सुरंग के निर्माण के लिए ऋण का प्रस्ताव वर्ष 2015 में सामने आया था। हालाँकि, इस पर अमल नहीं किया गया और कोई व्यवहार्यता अध्ययन नहीं किया गया।

*****